# स्मैक की तस्करी करते तीन गिरफ्तार, 1 करोड़ 10 लाख का स्मैक जब्त

रायपुर, 01 अक्टूबर (आरएनएस)। नशीले पदार्थों की तस्करी करते छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कबीरनगर थानाक्षेत्र में पुलिस ने स्मैक व डोडा की तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करोड़ों रूपए के मादक पदार्थ जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के कबीरनगर थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली की तीन आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी के लिए राजधानी रायपुर पहुंचने वाले हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए आजाद चौक के सीएसपी और कबीरनगर थाना पुलिस की टीम ने आरोपियों के खिलाफ मिले सुराग के आधार पर जाल बिछाकर सादी वर्दी में पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर आरोपियों से स्मैक का सौदा करने लिए भेजा।

सौदा तय होने के संकेत मिलते ही सादी वर्दी में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को धर दबोचा। मामले का खुलासा करते हुए रायपुर शहर के एडीशनल एसपी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब से स्मैक लाकर प्रदेश में रायपुर सहित कई जिलों में खपाने की तैयारी चल रही है। इसी दौरान कबीरनगर इलाके में एक युवक की पहचान से तस्करों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुराग दिए जाने पर पुलिस ने अपना जाल बिछाकर हरभजन सिंह व गुरजन सिंह एवं अर्जुन सिंह निवासी पंजाब के तरणतारण के रहने वाले हैं। इन्हें गिरफ्तार कर इनके पास से 20 ग्राम स्मैक व तौलने की मशीन एवं 20 किलो डोडा चुरा व नगदी रकम बरामद किया है। पकड़े गए मादक पदार्थ की कीमत 1 करोड़ 10 लाख रूपए में बताई जा रही है। वहीं आरोपियों ने पुछताछ में पुलिस को बताया कि इससे पहले आरोपियों ने बिहार के सासाराम जिले में मादक पदार्थ की तस्करी कर चुके हैं। राजधानी में नशे के एक बड़े नेटवर्क का भांडा फोड़ कर पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। सभी आरोपियों के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर जेल भेज दिया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों ने कर दी ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिले में आज सुबह नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के संदेह में एक ग्रामीण माड़वी रामलू की लाठी डंडे से पीट-पीटकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार आज सुबह दुपेली गांव में 8-10 वर्दीधारी सशस्त्र नक्सलियों ने धावा बोल दिया। नक्सलियों ने माड़वी रामलू को घर से निकाला और घसीटकर जंगन की ओर ले गए। एक घंटे बाद रामलू का शव तोएनार मुख्य मार्ग पर बरामद हुआ। लाश के प्रथम दृष्टया अवलोकन से यह साबित होता है कि, उसकी लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या की गयी है। नक्सलियों ने रामलू की हत्या के बाद घटना स्थल पर पर्चे भी फेंके हैं, जिसमें नेशनल पार्क एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए, रामलू को पुलिस का मुखबिर बताया है। बीजापुर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि हत्या की सूचना मिलते ही तस्दीक करने पुलिस बल घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है।

### भालू ने किया ग्रामीण को जख्मी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के जटगा वन परिक्षेत्र में आज सुबह भालू ने एक ग्रामीण को जख्मी कर दिया। उसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद सिम्स रेफ र कर दिया गया। वन विभाग के एसडीओ तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह 5 बजे यह घटना जटगा रेंज के डूमरमुड़ा में घटित हुई। 50 वर्षीय बिरजू गोंड़ अपने घर कुछ दूर आगे शौच के लिए गया हुआ था। दावा है कि घटना स्थल राजस्व वन क्षेत्र में शामिल है। गांव की काफी आबादी शौच के लिए अभी भी ऐसे स्थान का उपयोग करती है। बिरजू गोंड़ इर दरम्यान हमले का शिकार हो गया। उस पर दो भालुओं ने आक्रमण किया। इससे ग्रामीण के सिरए हाथ-पैर में काफ ी चोटें आई। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग जब तक हरकत में आते और यहां पहुंचते, भालू मौके से निकल चुके थे। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित को कटघोरा अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे। स्थिति को गंभीर पाए जाने पर चिकित्सा के लिए अनुग्रह राशि 5000 रुपए दी गई है। पीड़ित को सिम्स रेफर किया गया है। वन विभाग का एक कर्मी भी उसके साथ भेजा गया है। उपचार की राशि वन विभाग वहन करेगा।

### बीमार बच्ची के लिए रातों रात यातायात पुलिस ने बनाया ग्रीनकॉरिडोर

**भिलाई (आरएनएस)।** यातायात पुलिस सोमवार रात को स्पर्श चिकित्सालय में भर्ती बच्ची को महज 43 मिनट में रायपुर के बाल गोपाल अस्पताल पहुंचाया। यातायात विभाग ने इसके लिए ग्रीन कोरिडोर बनाया और एम्बुलेंस को स्पर्श हॉस्पिटल सुपेला से बाल गोपाल हास्पिटल रायपुर पहुंचाया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि 15 सितम्बर जेवरा सिरसा निवासी पूजा अग्रवाल को बेबी पैदा हुई थी। जन्म से ही कुछ समस्या थी और इलाज के दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम से स्पर्श हास्पिटल से ईलाज के लिए बाल गोपाल हास्पिटल रायपुर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर यातायात विभाग द्वारा रात 8.08 बजे बच्ची को एंबुलेंस से रवाना किया गया। जिसकी यातायात व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम हिरवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित झा के निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात गुरजीत सिंह के नेतृत्व में यातायात के समस्त अधिकारियों एवं थाना प्रभारी छावनी, खुर्सीपार, भिलाई-03 कुम्हारी द्वारा मिलकर बनाये गये ग्रीन कोरिडोर एवं रायपुर पुलिस की सहायता से मात्र 43 मिनट में एम्बुलेंस को स्पर्श हास्पिटल से बाल गोपाल हास्पिटल रायपुर पहुंचाया गया।

### गोदाम का दिवाल में होल करके 45 टीन सोयाबीन तेल चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेल कंपनी के गोदाम से 45 टीन सोयाबीन तेल चोरी करने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मण नगर, रामनगर, गुढ़ियारी निवासी विष्णु निर्मलकर 52 वर्ष पिता मनहरण निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 से 30 सितंबर के मध्य रूचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड गोदाम गोगांव गुढ़ियारी में अज्ञात चोर ने गोदाम का दिवाल में होल करके गोदाम से 45 टीन सोयाबीन तेल को चोरी कर लिया। चोरी गए तेल की अनुमानित तेल की कीमत 56 हजार 2 सौ 50 रूपए बताया जा रहा है।

## अजीत जोगी पर दर्ज एफआईआर, हाईकोर्ट ने स्टे देने से किया इंकार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** विषम परिस्थितियों से गुजर रहे जोगी परिवार के लिए मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। ताजा घटनाक्रम में हाईकोर्ट एक और बड़ा फैसला करते हुए जेसीसीजे प्रमुख अजीत जोगी के स्टे वाली याचिका खारिज करते हुए एफआईआर को बरकरार रखने कहा है। विदित हो कि जाति प्रमाण पत्र मामले में बुरी तरह से घिरे जोगी कांग्रेस के प्रमुख अजीत जोगी ने जाति प्रमाण पत्र के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर पर स्टे आर्डर के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सूत्रों ने बताया कि इस पर जस्टिस सामंत की अदालत में सुनवाई चल रही थी। बताया जाता है कि अदालत ने जोगी की याचिका खारिज कर दी है। जोगी की ओर से कहा गया था कि उन पर उस कानून के तहत अपराध दर्ज किया गया है, जिसका अस्तित्व वर्ष 2013 में आया, जबकि उनके स्वयं का जाति प्रमाण पत्र वर्ष 1967 में बना था।

## प्रशासनिक सर्जरी : सात आईएएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से एक बार फिर से प्रशासनिक सर्जरी की गई है। इस बार 08 आईएएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेशानुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के जिन अफसरों के प्रभारों में फेरबदल किया गया है उनमें पहला नाम सोनमणी बोरा का है। बोरा सचिव उच्च शिक्षा विभाग

तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को सचिव संसदीय कार्य विभाग तथा सचिव राज्यपाल का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह अन्बलगन पी. विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार खनिज साधन विभाग को विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार पर्यटन विभाग, सुश्री अलरमेलमंगई डी. विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार उच्च शिक्षा का अतिरिकत प्रभार दिया गया है। इसी तरह सीआर प्रसन्ना को विशेष सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग, संजय अग्रवाल अपर कलेक्टर दुर्ग को अपर कलेक्टर कोरबा, रवि मित्तल सहायक कलेकटर जशपुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद बनाया गया है। वहीं आईएएस अफसर जीवन किशोर ध्रुव अपर कलेक्टर कबीरधाम को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद बनाया गया था, उक्त आदेश को रद्द किया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कारावास की सजा

**कांकेर (आरएनएस)।** बस्तर की एक सत्र अदालत ने 16 साल की नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म किये जाने के आरोपी को 20 साल का कारावास और 60 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार ग्यारहवीं की छात्रा 16 वर्षीय युवती के साथ मध्यप्रदेश के सागर के रहने वाले युवक की मोबाइल से जान पहचान हुई थी। एक साल पहले 9 जुलाई 2018 को मप्र के ग्राम सिहोरा थाना राहतगढ़ जिला सागर का रहने वाला आरोपी युवक कुश कुरोशिया युवती से बातचीत करने लगा, जिसके बाद नाबालिग युवती आरोपी के प्रेमजाल में फंस गयी को अपने साथ ले जाने कांकेर पहुंच गया। घटना के दिन युवती के माता-पिता धान की बोआई करने सुबह से खेत चले गये। युवती अकेली घर पर थी, पीड़िता के माता-पिता जब

वापस घर लौटे तो युवती घर पर नहीं थी। आस-पास कहीं उसका पता नहीं चला। पूछने पर सहेलियों ने बताया कि वह स्कूल भी नहीं गयी थी, जिसके बाद 12 जुलाई 2018 को थाने में पीड़िता की माता ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करायी। इधर आरोपी 16 वर्षीय नाबालिग युवती को कांकेर के नया बस स्टैण्ड से रायपुर ले गया, जहां से ट्रेन से नागपुर ले गया। आरोपी नागपुर में एक हॉटल में युवती के साथ ठहरा जहां उसके साथ दुष्कर्म किया, जहां से उसे इंदौर ले गया। इंदौर में भी युवती के साथ दुष्कर्म किया फिर वहां से आरोपी अपने गांव सिहोरा ले गया। गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस आरोपी की पता तलाश में जुटी रही। 23 जुलाई को पुलिस आरोपी के घर सागर पहुंची जहां उसके कब्जे से युवती को छुड़ाया गया।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ बाद नक्सली ठिकाने से गोला बारूद बरामद

**कांकेर (आरएनएस)।** कांकेर जिले के ताड़ोकी थाना क्षेत्र में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने नक्सली ठिकाना ध्वस्त कर भारी मात्रा में गोला बारूद एवं नक्सली सामान बरामद किया है।

कांकेर एसपी केएल ध्रुव ने बताया कि ग्राम माहुरपाट व मानकोट के बीच जंगल पहाड़ी में 30-35 माओवादियों के होने की सूचना मिलने पर थाना ताड़ोकी से डीआरजी, एसटीएफ, एवं बीएसएफ की अलग-अलग टीम रवाना की गई थी। पुलिस पार्टी सर्चिंग करते आगे बढ़ रही थी तभी छोटेमुरनार व मनकोट के बीच जंगल पहाड़ी में पूर्व से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस पार्टी को देखकर जान से मारने की नीयत से अत्याधुनिक हथियार से अंधाधुन्ध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने भी तत्काल मोर्चा लेकर माओवादियों के फायरिंग का जवाब दिया गया, जिसके बाद माओवादी जंगल और पहाड़ की आड़ लेकर भाग गये।

## पिता ने अपने तीन मासूम बच्चों पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

» पत्नी के चरित्र पर संदेह कर करता था आए दिन विवाद

**रायपुर (आरएनएस)।** पत्नी के चरित्र पर शंका के चलते पति ने अपने तीन बच्चों को नशे की हालात में राड व चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घासीदास मंदिर के पास अमलीडीह निवासी चमेली कौसरिया 30 वर्ष पति घनश्याम कौसरिया ने अपने पति के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पति द्वारा चरित्र पर शंका कर आए दिन गाली गलौज कर विवाद करता था। 30 सितंबर को शाम सवा पांच बजे पति घनश्याम कौसरिया 35 वर्ष पिता बालू कौसरिया ने शराब के नशे में अपने तीन बच्चों बेटी कसीस 6 वर्ष, बेटा चंदन कोसरिया 8 वर्ष व बेटा मनीष कोसरिया को गाली गलौज करते हुए तुम्हारी मां तलाक नहीं दे रही कहकर राड व चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां वे खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## सरएम ने केन्द्रीय जेल रायपुर में बापू की करूणा का संचार-जेलों में सदाचार' सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का किया शुभारंभ

» मुख्यमंत्री ने बंदियों को करूणा और सदाचार की दी सीख

» प्रावधानित सजा से अधिक समय काट चुके बंदियों की रिहाई की प्रक्रिया शुरू करने के दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर केन्द्रीय जेल रायपुर में आयोजित 'बापू की करूणा का संचार-जेलों में सदाचार' कार्यक्रम का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। बघेल ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। गांधी जी ने अछूत उद्धार, नारी शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। गांधी जी के मन में विरोधियों के प्रति भी आदर, सम्मान और प्रेम की भावना थी। गांधी जी कहते थे अपराध से घृणा करो-अपराधी से नहीं। बघेल ने बंदियों को गांधी जी की वक्तृत्व व कृतित्व के संबंध में विस्तार से जानकारी देते

हुए कहा कि बापू अपने समय का सदुपयोग करते थे व साफ-सफाई के साथ अपना काम खुद करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर रहने वाले को कोई झुका नहीं सकता। गांधी जी ने पूरे देश का दौराकर लोगों को देशभक्ति व सेवा का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने बंदियों को करूणा, सदाचार, प्रेम, सद्भावना एवं भाईचारे की सीख दी और कहा कि जेल से रिहा होने के बाद वे गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आदर्श समाज के निर्माण में सहभागी बनें। मुख्यमंत्री ने ऐसे बंदियों जो विभिन्न धाराओं में प्रावधानित सजा से अधिक समय काट चुके है, उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव जेल सी. के. खेतान को दिए।

## विद्या बालन की अगली फिल्म शकुंतला देवी-ह्यूमन कंप्यूटर की शूटिंग हुई शुरू

विद्या बालन और सान्या मल्होत्रा की अगली शकुंतला देवी - ह्यूमन कंप्यूटर' की शूटिंग सोमवार को लंदन में शुरू हो गई। फिल्म बधाई हो' की ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी के जरिए यह खबर फैन्स को दी। पोस्ट शेयर करते हुए सान्या ने लिखा, नई जर्नी को शुरू करने के लिए काफी उत्साहित है। अपनी पोस्ट में सान्या ने फिल्म में अपनी को-ऐक्टर विद्या बालन और निर्देशक अनुज मेनन को भी टैग किया है।

सान्या फिल्म में विद्या बालन की बेटी के रोल में नजर

आएंगी।विद्या बालन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर किया था।

मिशन मंगल में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर जमकर तारीफें बटोरने वाली विद्या बालन अपनी अगली फिल्म में शकुंतला देवी' का रोल निभाएंगी, जो एक मैथ एक्सपर्ट हैं। कुछ दिन पहले ही विद्या ने अपनी इस फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया था। फिल्म शकुंतला देवी-ह्यूमन कंप्यूटर' को सोनी पिक्चर्स और विक्रम मल्होत्रा प्रड्यूस कर रहे हैं। फिल्म अगले साल गर्मियों के दौरान रिलीज किया जाना है। अनुज मेनन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में विद्या शकुंतला देवी के करियर के अंत तक का किरदार निभाने वाली हैं।

विद्या अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित हैं। एक इंटरव्यू में विद्या ने कहा, अपने इस रोल में सही दिखने के लिए बालों को बॉब कट कटवाया है।

## मर्दानी 2 का टीज़र, एक बार फिर गुंडों के लिए कहर बनकर आईं रानी मुखर्जी

चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म में रानी के निडर और साहसी किरदार को दर्शकों ने इतना पसंद किया कि अब वह इसी फ्रैंचाइज़ी की अगली फिल्म मर्दानी 2 लेकर आ रही हैं। मेकर्स ने मर्दानी 2 का टीज़र रिलीज़ किया है, जिसमें एकबार फिर रानी अपना दमखम दिखाती नजर आ रही हैं।

इस टीज़र में रानी एक बार फिर अपने पुलिस ऑफिसर वाले अवतार में नजर आ रही हैं। फिल्म के इस टीज़र को देखकर ऐसा लग रहा है कि रानी एक बार फिर खाकी वर्दी में गुंडों पर अपनी दबंगई जमकर दिखाएंगी। इस ट्रेलर टीज़र में रानी का डायलॉग कुछ इस तरह है, अब तू किसी लड़की को हाथ लगाकर तो दिखा, तुझे इतना मारूगी कि तेरी त्वचा से तेरी उम्र का पता भी नहीं चलेगा। इस डायलॉग से स्पष्ट है कि पुलिस की वर्दी में रानी एक ऐसी लड़ाई लड़ती दिखेंगी, जो महिलाओं को अपराध के रास्ते घसीटने वाले रैकेट के खिलाफ होगी। मर्दानी 2 में रानी मुखर्जी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के किरदार में नजर आ रही हैं।

## मसूड़ों की बीमारी से पीड़ितों में हाई बीपी का जोखिम अधिक

एक नई स्टडी में पता चला है कि मसूड़ों की बीमारी से पीड़ित लोगों में हाई ब्लड प्रेशर होने की आशंका अधिक होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर 45 फीसदी अडल्ट्स को प्रभावित करता है और यह दुनिया भर में प्रीमैच्योर डेथ का कारण है। वहीं, मसूड़ों की बीमारी यानी पेरिओडोन्टिक दुनिया की आधी से अधिक आबादी को प्रभावित करती है।

दिल की बीमारियों के प्रमुख कारणों में से हाई ब्लड प्रेशर भी है। ऐसे में पेरिओडोन्टिक को हार्ट अटैक के बढ़ते रिस्क के साथ लिंक किया गया है। जर्नल कार्डियोवस्कुलर रिसर्च में पब्लिश लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक गम डिजीज से परेशान लोगों में हाई बीपी की रिस्क अधिक रहता है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के ईस्टमैन डेंटल इंस्टीट्यूट के प्रेफेसर ने कहा कि पेरिओडोन्टिक से पीड़ित लोगों में हाई ब्लड प्रेशर की संभावना अधिक रहने के कारण उन्हें इसके जोखिम के बारे में बताया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्हें हेल्दी डायट लेने और व्यायाम करने की सलाह देनी चाहिए।

प्रेफेसर ने आगे बताया कि पेरिओडोन्टिक के मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर के कारण हार्ट अटैक आ सकता है। उन्होंने कहा कि

पहले की रिसर्च में पेरिओडोन्टिक और हाई ब्लड प्रेशर का कनेक्शन का पता चला है और डेंटल ट्रीटमेंट से ब्लड प्रेशर में सुधार हो सकता है लेकिन अभी तक इस का निष्कर्ष नहीं निकला है।

गम डिजीज के मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर की गड़बड़ी की जांच करने के लिए 26 देशों के कुल 81 स्टडीज को इस स्टडी के लिए कंपाइल किया गया था।